राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – मार्च 2022

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,09,755 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 23,941 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

### ख. स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजनाएँ

1. **TSSPDCL, तेलंगाना:** TSSPDCL ने जेडीमेटला स्मार्ट ग्रिड पायलट प्रोजेक्ट की समापन रिपोर्ट और अंतिम दावा 9 मार्च 2022 को प्रस्तुत किया। भारत सरकार अनुदान की अंतिम किश्त विद्युत मंत्रालय में प्रक्रिया के तहत है।
2. **TSECL, त्रिपुरा:** IPDS की निगरानी समिति ने 22 मार्च 2022 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित अपनी 23वीं बैठक में निर्णय लिया कि अगरतला स्मार्ट ग्रिड पायलट के लिए IPDS के तहत अब कोई वित्तीय समर्थन उपलब्ध नहीं होगा व युटिलिटी अपने संसाधनों से शेष परियोजना को पूरा कर सकती है।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ग. बैठक व गतिविधियाँ

1. 8 मार्च 2022 को भारत सरकार के 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत श्री आरके सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री कृष्ण पाल, माननीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री के सानिध्य व विद्युत मंत्रालय, NSGM, POWERGRID व USAID के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आभासी स्मार्ट ग्रिड नॉलेज सेंटर और इनोवेशन पार्क का शुभारंभ किया।
2. 4 मार्च 2022 को NPMU ने 'कॉमन प्लगेबल मॉड्यूल' विषय पर BIS ETD-13 की कार्यकारी समूह की बैठक में भाग लिया।
3. 22 मार्च 2022 को NPMU ने सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित IPDS की निगरानी समिति की 23वीं बैठक में भाग लिया।
4. 23 मार्च 2022 को NPMU ने सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित 'RDSS' योजना की निगरानी समिति की 8वीं बैठक में भाग लिया।
5. 7 मार्च 2022 को NPMU टीम ने EESL टीम के साथ 'पायलट डिमांड रिस्पांस प्रोग्राम' के लिए भागीदारों के चयन के लिए रुचि अभिव्यक्ति (EOI) के संबंध में चर्चा की।
6. 17 मार्च 2022 को NPMU द्वारा RE एकीकरण के लिए 'डिमांड रिस्पांस पायलट' के संबंध में 'USAID SAREP' टीम के साथ बैठक आयोजित हुई।
7. मार्च 2022 तक भारत में 41 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थपित किए गए और लगभग 71 लाख स्मार्ट मीटर स्थापन प्रक्रिया के अंतर्गत हैं (एनएसजीएम में एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)।

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**